कार्यालय वन मण्डल अधिकारी दक्षिण वनमण्डल शहडोल
जिला–शहडोल **484001** (मध्यप्रदेश)

फोन (कार्या–240304) (निवास–241443) (फैक्स–240304) ई–मेल– कविर्जीक/उचण्हवअण्पद

क्रमांक/मा.चि./2022/236   शहडोल, दिनांक : 10/02/2022

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक
वन वृत्त शहडोल

विषय :– शहडोल जिले में शाहपुर कोल ब्लाक रकवा 659.00 हे0 में से राजस्व वनभूमि 12.733 हे0 तथा राजस्व एवं निजी भूमि 607.987 हे0 एवं उमरिया जिले के अन्तर्गत 51.013 हे0 आंशिक राजस्व भूमि भूमिगत खनन हेतु चौगुले प्रा0लि0 गोवा को उपयोग में देने बावत्। प्रकरण ऑनलाईन क्रमांक–PF/MP/MIN/147526/2021

संदर्भ :– 1–मे0 जनरल मैनेजर चौगुले प्रा0लि0 गोवा कैम्प शहडोल का पत्रा दिनांक 12.10.2021।

2–आपका पत्रा क्रमांक/मा.चि./2022/1044 दिनांक 09.02.2022

☆☆☆

निवेदन है, कि विषयांकित संदर्भित पत्रा से मे0 जनरल मैनेजर चौगुले प्रा0लि0 गोवा कैम्प शहडोल द्वारा वनमण्डल दक्षिण शहडोल के अन्तर्गत वन परिक्षेत्रा शहडोल के राजस्व वनभूमि के 47 खसरों का रकवा रकवा 12.733 हे0 भूमिगत खनन हेतु वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत प्रकरण ऑनलाईन कर प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है।

प्राप्त प्रकरण का मेरे द्वारा दिनांक 20.01.2021 को संयुक्त निरिक्षण संबंधित वन अमला एवं आवेदक संस्थान के उपस्थिति में किया गया था।विभागीय कार्यवाही पूर्ण उपरांत कार्यालयीन पत्र क्रमांक/मा.चि./49 दिनांक 27.01.2022 बिन्दुवार प्रतिवेदन प्रेषित किया गया था। प्रकरण में कमियां/त्रुटियां होने के कारण बिन्दुवार सुधार हेतु प्रस्ताव वापस किया गया है।

दिये गये निर्देशानुसार प्रस्ताव का परीक्षण कर कमियां/त्रुटियां सुधार उपरान्त बिन्दुवार निम्नानुसार है :–

1. प्रस्तावित राजस्व वनभूमि निकतम वनसीमा से वन परिक्षेत्रा शहडोल बीट कठौतिया के कक्ष क्रमांक आर एफ. 783 से लगभग 400 मीटर की दूरी पर स्थित होने के संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी शहडोल द्वारा मौका पंचनामा में उल्लेख किया गया है।
2. प्रस्तावित राजस्व वनभूमि का स्थल निरीक्षण कर स्थल की गुणवत्ता IVb एवं घनत्व 0.4 का उल्लेख प्रचलित कार्य आयोजना अनुसार नजदीकी कक्ष क्रमांक आर.एफ. 783 के आधार पर उल्लेख किया गया है। जिसका ऑनलाईन भाग–2 में नेट प्रजेन्ट वैल्यू की राशि निर्धारण हेतु फीड किया जाता है।
3. बिन्दु क्रमांक–2 के अनुसार मान्य किया जावे।
4. आवेदित क्षेत्र राजस्व वनभूमि होने के कारण नजदीकी वनभूमि कक्ष क्रमांक आर.एफ. 783 के आधार पर स्थल गुणवत्ता एवं घनत्व का उल्लेख किया गया है। स्थल गुणवत्ता एवं घनत्व के आधार पर प्रस्तावित राजस्व वनभूमि की ईको वैल्यू श्रेणी उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन के अन्तर्गत है।

5. भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली का पत्रा क्रमांक/F.No. 5-2/ 2017-FC दिनांक 28.03.2019 से जारी निर्देशानुसार वन संरक्षण अधिनियम, 1980 की गाईड लाईन के अनुसार भूमिगत खदान में क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु छूट प्रदान की गई है, प्रस्तावित परियोजना के ऊपरी तल में विभिन्न प्रजाति के 291 वृक्ष एवं 60 बांस भिर्रे खड़े हैं एवं भूमिगत परियोजना होने के कारण खड़े वृक्षों का विदोहन किया जाना प्रस्तावित नही है।
6. बिन्दु क्रमांक–6 के अनुसार प्रस्ताव में संशोधित प्रमाण पत्र संलग्न है।
7. प्रस्तावित परियोजना में कुल आवेदित रकबा 659.00 हे0 में से शहडोल जिले के वनमण्डल दक्षिण शहडोल अन्तर्गत अन्तर्गत निजी भूमि 549.477 हे0 राजस्व शासकीय भूमि 45.837 हे0 तथा राजस्व वनभूमि 12.733 हे0 कुल 607.987 हे0 अनापत्ति प्रमाण पत्र तहसीलदार सोहागपुर द्वारा पत्र क्रमांक/316 दिनांक 06.02.2021 से अनापत्ति दी गई है पत्र की छायाप्रति प्रस्ताव में संलग्न है। तथा वनमण्डल उमरिया के अन्तर्गत रकवा 51.013 हे0 आंशिक प्रस्तावित राजस्व भूमि में वनजीवों के दृष्टिकोंण से महत्वपूर्ण है, वनमण्डलाधिकारी उमरिया द्वारा उल्लेख किया गया है, परन्तु वनमण्डल दक्षिण शहडोल अन्तर्गत प्रस्तावित राजस्व वनभूमि निरीक्षण के दौरान वन्यप्राणियों का रहवास या उनकी गतिविधियों के संबंध में कोई भी साक्ष्य नही पाये गये। यदा कदा लोमडी, हिरण, बंदर, जंगली सुअर, सियार पाये जाते हैं।

अतः दिये गये निर्देशानुसार बिन्दुवार कमियां/त्रुटियों की पूर्ति कर प्रस्ताव की 4 प्रतियां संलग्न कर अनुशंसा सहित प्रतिवेदन सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।

संलग्न - उपरोक्तानुसार

(गौरव चौधरी)
वन मण्डल अधिकारी
दक्षिण शहडोल वन मण्डल
10/2/22

पृ0क्रमांक/मा.चि./2022/
शहडोल, दिनांक : /02/2022

प्रतिलिपि :–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) मध्यप्रदेश भोपाल की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. कलेक्टर जिला शहडोल की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. मे0 जनरल मैनैजर चौगुले प्रा0लि0 गोवा कैम्प शहडोल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।

वन मण्डल अधिकारी
दक्षिण शहडोल वन मण्डल
10/2/22